

कल रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार जीत दर्ज की। विराट कोहली 75 रन बनाकर नाबाद रहे और मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने, लेकिन उनके साथ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों जोश हेज़लवुड और टिम डेविड ने भी अहम भूमिका निभाई।

– रिचर्ड मार्ल्स

ऑस्ट्रेलियाई उपप्रधानमंत्री, कोहली की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — रजत पाटीदार



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दूसरी बार आईपीएल का सरताज बनाने वाले कप्तान रजत पाटीदार इस ऐतिहासिक जीत के बाद बेहद भावुक और खुश नजर आए। गुजरात टाइटन्स को फाइनल में पटखनी देने के बाद कप्तान पाटीदार ने अपनी सफलता और टीम के शानदार सफर का श्रेय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और अपने गेंदबाजों को दिया है। मुझे कोहली भाई से बहुत मदद मिली। जब भी मैं उन्हें देखता हूं, वे हमेशा टीम और सभी खिलाड़ियों के लिए मौजूद रहते हैं। वे युवा खिलाड़ियों के पास खुद जाते हैं, भले ही वे उनके पास जाने में हिचकिचाते नहीं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय फुटबॉल टीम के सबसे महान खिलाड़ी सुनील छेत्री हैं, जिनके नाम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 95 गोल का रिकॉर्ड है। पुरुष टीम फीफा रैंकिंग में वर्तमान में 136वें स्थान पर है।

## अक्सर सोचता था कि विनिंग शॉट मैं ही लगाऊं : विराट कोहली

अहमदाबाद, 1 मई। यह वही पल है जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की।'' यह भावुक बयान क्रिकेट जगत के बेताज बादशाह विराट कोहली का है, जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ चेज मास्टर क्यों कहा जाता है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले में नाबाद 75 रनों की जांबाज पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को लगातार दूसरी बार खिताब दिलाने वाले विराट कोहली को उनके अद्भुत प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान को जड़ा उनका वह गगनचुंबी छक्का इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया, जिसने आरसीबी को लगातार दूसरा खिताब दिलाया। कोहली ने 42 गेंद में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये।



उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, ''यह वही पल है जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था। हमारी टीम का संयोजन ऐसा है जो किसी भी परिस्थिति से बाहर निकलने का भरोसा देता है।'' उन्होंने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय उन्हें अपनी भूमिका और रणनीति पूरी तरह स्पष्ट थी। कोहली ने कहा, ''मुझे पता था कि रन-चेज़ में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है।''

अपने आईपीएल करियर के सबसे तेज अर्धशतक (25 गेंद) पर उन्होंने कहा, ''यह आपको लगातार बेहतर करने का लक्ष्य देता है। मुझे अपने खेल में बहुत बड़ा बदलाव नहीं करना था, बल्कि सोच बदलनी थी। गेंदबाजों पर दबाव बनाकर अतिरिक्त रन जुटाने की जरूरत थी।'' कोहली ने कहा कि टीम का पहला लक्ष्य अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना था।

उन्होंने कहा, ''एक बार हम शीर्ष पर पहुंच गए तो हमारे सामने कौन-सी टीम है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। हम सभी टीमों का सम्मान करते हैं और किसी को उकसाने में विश्वास नहीं रखते। हमारे पास अनुभवी और परिपक्व पेशेवर खिलाड़ी हैं और बड़े मुकाबलों में यही अनुभव काम आता है।'' उन्होंने कहा, ''बड़े अवसरों पर बड़े खिलाड़ियों को आगे आकर जिम्मेदारी निभानी होती है। मुझे पता था कि लक्ष्य का पीछा करते समय विपक्षी टीम मुझे जल्दी आउट करने की कोशिश करेगी, लेकिन मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा था। मुझे विश्वास था कि हमारी चैंपियन टीम तीन-चार ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर सकती है।''

### आईपीएल 2026 एमवीपी बनने के बाद सूर्यवंशी बोले -

## इस साल मैंने खेल को परिस्थितियों के अनुसार ढालना सीखा



अहमदाबाद, 1 जून। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) का पुरस्कार जीतने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि इस सीजन उन्होंने दबाव में बल्लेबाजी करना और मैच की परिस्थितियों के अनुसार अपने खेल को ढालना सीखा है।

रविवार देर रात आरसीबी और गुजरात के बीच खेले गए खिताबी मुकाबले के बाद आयोजित अवॉर्ड समारोह में पुरस्कार जीतने के बाद प्रसारकों से बातचीत में वैभव ने कहा, ''इस सीजन मैंने दबाव में बल्लेबाजी करना सीखा है। मैंने यह भी सीखा है कि परिस्थितियों के अनुसार अपने खेल को कैसे बदला जाए। आप हर मैच में एक जैसी बल्लेबाजी नहीं कर सकते। आपको मैच की स्थिति को समझकर उसी के अनुसार खेलना होता है, खासकर प्लेऑफ जैसे बड़े मुकाबलों में।'' महज 15 वर्षीय वैभव ने आईपीएल 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 16 मैचों में 776 रन बनाए। उन्होंने 48.50 की औसत और 237.31 के अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट से रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को क्वालिफायर-2 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान उनके बल्ले से पांच अर्धशतक और एक शतक भी निकला।

वैभव ने इस सीजन व्यक्तिगत पुरस्कारों पर भी अपना दबदबा कायम रखा। उन्होंने एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन, सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन, ऑरेंज कैप और एमवीपी ऑफ द सीजन जैसे सभी प्रमुख सम्मान अपने नाम किए। सीजन के बाद अपनी आगे की योजनाओं पर बात करते हुए वैभव ने कहा कि वह अब अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान देंगे।

उन्होंने कहा,''मुझे अपनी फिटनेस पर फोकस करना होगा क्योंकि मैं लंबे समय तक क्रिकेट खेलना चाहता हूं और चोटों से दूर रहना चाहता हूं।'' उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के टीम प्रबंधन और सीनियर खिलाड़ियों का आभार जताते हुए कहा, ''सभी ने मेरा बहुत समर्थन किया है। टीम मैनेजमेंट और सीनियर खिलाड़ियों ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया। मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है क्योंकि वे सभी उच्च स्तर पर क्रिकेट खेल चुके हैं। उनसे सीखने का मौका मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है।''

## अरावली क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 1 जून। अंडर-16 समर कप में अरावली क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 225 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाएं। चिराग यादव ने 58, गजेंद्र ने 57 और दक्ष ने 44 रनों का योगदान दिया द राजस्थान क्रिकेट अकादमी की ओर से मनीष ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी द राजस्थान क्रिकेट अकादमी 35 ओवर में 176 रन पर ऑल आउट हो गई। सचिन मीणा ने सर्वाधिक 39 रनों का योगदान दिया।


**OFFICE OF THE PRINCIPAL & CONTROLLER**
RUHS COLLEGE OF MEDICAL SCIENCES,
Sector - 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033
Ph. : 0141-2795624, 634 Email : principalruhscms@ruhsraj.org
No. :- RUHS-CMS/Store/2026-27/2344 Date :- 25/05/2026
**Notice Inviting E-Bids**
Single Stage Two envelope online bids are invited on eprocrajasthan.gov.in upto 02.00 pm of 23/06/2026 for Establishment of Conference Room (25-Seater) at RUHS College of Medical Sciences . (Total Est. Cost Rs. 35,00,000.00) Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in or eproc.rajasthan.gov.in or www.ruhscms.org.
UBN :- CMS2627WSOB00014
Principal,
Raj.Samwad/C/26/3841 RUHS College of Medical Sciences, Jaipur

**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक करौली (राज.)**
केशवपुरा पुलिया मण्डरायल रोड करौली, E-Mail :- adpcsamsakarauli@gmail.com
**ई-निविदा सूचना संख्या 01 (सिविल) / 2026-27**
राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय / अर्द्धशासकीय / स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण / मरम्मत कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों से बजट घोषणा 2022-23 एवं 2025-26, लेखानुदान, RIDFXXVIII, एम.जे.एस.वाई., स्टार्स प्रोजेक्ट, समग्र शिक्षा 2024-25 इत्यादि योजनान्तर्गत स्वीकृत 23 राजकीय विद्यालयों के निर्माण कार्यों हेतु राशि रू. 165.95 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 1.96 लाख से 24.58 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाएं 29/05/2026 प्रातः 10.00 बजे से 08/06/2026 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एव http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN IS: RSE2627WSOB00304
राज.संवाद/सी/26/3856

**Rajasthan State Forest Development Corporation Limited**
क्रमांक :- एफ 2(45)स्टोर/MD/RSFDCL/2026/22399052 दिनांक :- 22/05/2026
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण सूचना**
**(EOI) संख्या 02/2026-27**
सलाहकार /परामर्शदाताओं के पैनल (For Emplanelment of Consultants/Advisors) मे सम्मलित होने के लिये इच्छुक बोलीदाता से दिनांक 20.06.2026 को दोपहर बाद 02.30 बजे तक खुली बोली में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित समय तक प्राप्त तकनीकी बोलियों को दिनांक 20.06.2026 को दोपहर बाद 03.00 बजे सक्षम उपापन समिति द्वारा प्रबन्ध निदेशक, राज. राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, अरण्य भवन, जयपुर के कार्यालय के कमरा नं. बी-116 में खोली जावेंगी। बोली से संबंधित अन्य विस्तृत दस्तावेज एवं शर्ते राज्य लोक उपापन पोर्टल की बेवसाईट sppp.raj.nic.in से देखे जा सकतें हैं।
UBN No. : FDC2627SSOB00002
राज.संवाद/सी/26/3850 महाप्रबन्धक (मुख्यालय)


## आईसीसी का बड़ा फैसला : टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी से निपटने के लिए गुलाबी गेंद का परीक्षण मंजूर

नई दिल्ली, 1 मई। आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी की वजह से खेल रुकने की समस्या को कम करने के लिए एक नए प्रयोग को मंजूरी दे दी है। मौजूद जानकारी के अनुसार अब ऐसे टेस्ट मैचों में, जहां खराब रोशनी की संभावना होगी, लाल गेंद की जगह गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जा सकेगा। हालांकि इसके लिए दोनों टीमों की पूर्व सहमति जरूरी होगी। गौरतलब है कि अब तक गुलाबी गेंद का उपयोग केवल दिन-रात्रि टेस्ट मैचों में किया जाता रहा है। विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया में इस तरह के मुकाबले नियमित रूप से खेले जाते हैं। लेकिन अब आईसीसी दिन के समय खेले जाने वाले टेस्ट मैचों में भी आवश्यकता पड़ने पर लाल गेंद से गुलाबी गेंद पर बदलाव का परीक्षण करना चाहता है, ताकि कृत्रिम रोशनी में खेल जारी रखा जा सके और खराब रोशनी के कारण होने वाले समय और ओवरों के नुकसान को कम किया जा सके। यह फैसला अहमदाबाद में आयोजित आईसीसी बोर्ड की बैठक में लिया गया। बोर्ड ने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की समिति की कई सिफारिशों को मंजूरी दी है। हालांकि बताया जा रहा है कि इस नई व्यवस्था को लागू करने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, इसलिए 4 जून से शुरू होने वाली इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड की टेस्ट श्रृंखला में इसका इस्तेमाल संभव नहीं होगा। बता दें कि आईसीसी ने खराब रोशनी की समस्या से स्थायी समाधान खोजने के लिए अनुसंधान को भी मंजूरी दी है। परिषद अब मैच अधिकारियों और स्टेडियमों के लिए बेहतर प्रकाश व्यवस्था तकनीक पर शोध करेगी। इस परियोजना में मेरिलीबोन क्रिकेट क्लब यानी एमसीसी भी सहयोग करेगा। इसके अलावा सीमित ओवर क्रिकेट में भी एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है।

## पिछले साल 11 मौतों से लिया सबक, आईपीएल खिताब जीतने के बाद भी आरसीबी नहीं निकालेगी विजय जुलूस

नई दिल्ली, 1 मई। पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए रॉयल चैलेंज बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। रॉयल चैलेंजर्स ने रविवार को यहां गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीता।

आरसीबी ने यह निर्णय कर्नाटक के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह को ध्यान में रखते हुए भी लिया जो लोक भवन में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल चार जून को जल्दबाजी में निकाले गए विजय जुलूस के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास 11 प्रशंसकों की मौत हो गई थी।

### दूसरी अंडर-13 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग 2025-26 का आगाज

## उद्घाटन मैच में राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने जयपुर फुटबॉल क्लब को 7-1 से रौंदा

जयपुर, 1 जून। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में अंडर-13 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग 2025-26 का शुभारंभ रविवार को पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर के फुटबॉल मैदान पर हुआ।

1 जून से 27 जून 2026 तक चलने वाली इस लीग में कुल 56 मैच खेले जाएंगे।

राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि उद्घाटन दिवस पर चार मुकाबले खेले गए:

**पहला मैच:** राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने जयपुर फुटबॉल क्लब को 7-1 से हराया। राजस्थान फुटबॉल स्कूल: आराध्य (6, 19, 22,50), उज्ज्वल (8), राघव (12), अयन (34) ने गोल किए। जयपुर फुटबॉल क्लब: अयानांश (30) ने एकमात्र गोल किया।

**दूसरा मैच:** जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स ने जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब को 4-0 से हराया। जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स: महेश मीणा (28, 55), कृष रोशन (25), लवित्रा (35 2) ने गोल किए।

**तीसरा मैच:** रॉयल फुटबॉल क्लब ने ब्रदर्स यूनाइटेड को 2-1 से हराया। रॉयल एफसी के समर (23), मोबीन (50) ने गोल किए। ब्रदर्स यूनाइटेड: के नकुल (52) ने एकमात्र गोल किया।

**चौथा मैच:** एएसएलफुटबॉल क्लब ने रेड स्टोन फुटबॉल क्लब को 1-0 से हराया। एएसएल एफसी: सर्वसिद्ध (29) ने गोल किया। यह लीग राजस्थान में ग्रासरूट फुटबॉल को मजबूत करने की दिशा में आरएफए का एक और बड़ा कदम है।

**लीग विवरण:** इस लीग में प्रदेश की 8 सबसे अच्छी टीमें हिस्सा ले रही हैं:

1. रॉयल फुटबॉल क्लब, जयपुर
2. ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, जयपुर
3. रेड स्टोन फुटबॉल क्लब, जयपुर
4. राजस्थान फुटबॉल स्कूल, जयपुर
5. एलीट फुटबॉल क्लब, जयपुर
6. एएसएलफुटबॉल क्लब, जयपुर
7. जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स फुटबॉल क्लब
8. जयपुर फुटबॉल क्लब


**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005
Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in
Ref. No. : F-8( ) RMSC/EPM/M-4/NIB-933/2025-26/237 Dated :- 25/05/2026
**CORRIGENDUM / ADDENDUM**
Bid for item:
1. Deep Freezer, Fowler Bed, Stead Bed, Foot Step, Syringe Infusion Pump, Glucostrip & Pulse Oxymeter (Handheld) ,
2. White Box (Sharp Container), & Transport Trolley (Wheel Barrow) Reserve for MSE, Rajasthan Only

are invited from interested bidders up to Date : 18.06.2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website https://sppp.rajasthan.gov.in or www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.
UBN : MSC2526GLOB00056
Executive Director (EPM)
Raj.Samwad/C/26/3853 Rajasthan Medical Services Corporation


## यूनियन फुटबॉल क्लब में रग्बी खेल का शुभारंभ, जयपुर की 13 टीमों ने भाग लिया



**टच रग्बी प्रतियोगिता परिणाम**

**बालिका वर्ग:** यूनियन रग्बी क्लब - विजेता
निकिता पब्लिक स्कूल - उपविजेता
**बालक वर्ग:** शौर्य जननी फाउंडेशन - विजेता, ब्लैक पैंथर - उपविजेता
टैकल रग्बी प्रतियोगिता परिणाम
**पुरुष वर्ग:** ब्लैक पैंथर - विजेता, शौर्य जननी फाउंडेशन - उपविजेता
**बालिका वर्ग:** ब्लैक पैंथर - विजेता, डी.आर. क्लब - उपविजेता

जयपुर, 1 जून। देश के सबसे प्राचीन खेल संस्थानों में से एक, वर्ष 1889 में स्थापित यूनियन फुटबॉल क्लब, जयपुर (ट्रस्ट) में आज रग्बी खेल का औपचारिक शुभारंभ किया गया। क्लब के कॉर्डिनेटर एवं ट्रस्टी अभिनव स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनियन फुटबॉल क्लब अपने खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार करते हुए अब रग्बी खेल को भी अपने नियमित खेलों में शामिल किया।

रग्बी प्रतियोगिता का उद्घाटन क्लब ग्राउंड संख्या-2, रामनिवास बाग, जयपुर में क्लब पदाधिकारियों एवं राजस्थान रग्बी संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जयपुर की कुल 8 बालक एवं 5 बालिका टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत टच रग्बी तथा टैकल रग्बी के रोमांचक मुकाबले हुए।

इस अवसर पर यूनियन फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष लोकेश कुमार सिंह 'साहिल', उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव महिपाल स्वामी, राजेन्द्र सिंह शेखावत, आर. के. भट्ट, कोषाध्यक्ष योगिनी भाव्या राजावत, राजस्थान टच रग्बी एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा, शारीरिक शिक्षा संघ के उपाध्यक्ष एवं दौसा जिला टच रग्बी संघ के अध्यक्ष जगदीश गोपाल गुरु शर्मा, चैना राम, राजस्थान रग्बी के पदाधिकारी श्याम सिंह राजावत, दिग्विजय सिंह, पंकज सैनी, आशीष, दिलीप सिंह, तरुण पंवार, हैंडबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अक्षय राज सिंह राठौड़, आर. एल. लम्बा, कबड्डी कोच राज नारायण शर्मा, प्रतिष्ठा स्कूल संस्था की संस्थापिका अर्पिता माथुर, ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संस्थापक प्रमोद जैन, मनीषा जैन, राजस्थान बार काउंसिल अध्यक्ष राजीव सोगरवाल, प्रेरक स्वामी, पल्लवी जैन, ग्राउंड इंचार्ज गौरव जी, 94 वर्षीय गोपाल कृष्ण तेलंगाना, प्रवीण शर्मा, सहित सैकड़ों खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रामनिवास बाग यूनियन फुटबॉल क्लब के माध्यम से पुनः स्पोर्ट्स हब बनता जा रहा है।

## राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड : कबीर, महेंद्र, दिव्यांश, सिद्धार्थ की शानदार गेंदबाजी

जयपुर, 1 जून। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर में राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के आज खेले गए मैचों में चूरू, करौली, सिरोही, झुंझनू, जोधपुर, श्रीगंगागनर, सवाई माधोपुर, जालोर, जैसलमेर, धौलपुर, सीकर, भीलवाड़ा, राजसमंद, कोटा, भरतपुर जीती। दर्शन जैन, सुमित गोदारा, दिव्य गजराज, साहिल दीवान, शबाज, सचिन कैथ, जतिन चौधरी, केशव डिडवानिया ने शतक लगाए। कबीर शर्मा, महेंद्र चौधरी, दिव्यांश फौजदार, सिद्धार्थ पुरोहित, नयन मैडा, लखन भारती, यश कोठारी, विजय पॉटर, भव्य राज, सज्जन शर्मा ने शानदार गेंदबाजी की।

सवाई मान सिंह स्टेडियम - सीकर - अजमेर, सीकर 84 रन से जीती। अनंतं ग्राउंड राजसमंद -हनुमानगढ़ राजसमंद 65 रन से जीती। जैपुरिया ग्राउंड भीलवाड़ा - झालावाड़, भीलवाड़ा 85 रन से जीती। के एल सैनी ग्राउंड बूंदी - सिरोही, सिरोही 5 विकेट से जीती। लक्ष्य ग्राउंड बारां - सवाई माधोपुर, सवाई माधोपुर 2 विकेट से जीती। अरावली ग्राउंड बीकानेर-जैसलमेर, जैसलमेर 3 विकेट से जीता। जी आर ग्राउडं भरतपुर -दौसा, भरतपुर 115 रन से जीती। पी एस ग्राउंड प्रतापगढ़ - करौली, करौली 8 विकेट से जीती। वंडर ग्राउंड नागौर -धौलपुर, धौलपुर 7 विकेट से जीती। टेलर ग्राउंड जालोर - डूंगरपुर, जालोर 181 रन से जीती। स्पार्टन ग्राउडं टोंक - चूरू, चूरू 8 विकेट से जीती।वंडर ग्राउंड कोटा -पारी, कोटा 15 रन से जीती। एंजेल ग्राउंड चित्तोड़ - जोधपुर, जोधपुर 8 विकेट से जीती। रिपब्लिक ग्राउंड बाड़मेर - झुंझनू , झुंझनू 1 विकेट से जीती । क्लब क्रिकेटोलॉजी श्रीगंगानगर - बांसवाड़ा, श्रीगंगानगर 124 रन से जीती।


**कार्यालय नगर पालिका, सीकरी, जिला-डीग (राज०)**
क्रमांकः- न.पा.सीकरी/निर्माण/2026/469 दिनांक :- 26.05.2026
**ई-निविदा सूचना - 02/2026-27**
नगरपालिका सीकरी के द्वारा निम्न निर्माण कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मान्यता प्राप्त उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा द्वारा कुल 01 कार्य की कुल अनुमानित लागत 139.63 लाख रूपये की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णतः ई-निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी होगा। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्तें कार्यालय एवं विभाग की बेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in देखी/पढी जा सकती है। जिसके UBN NO. निम्नलिखित है।
Nib Code - DLB2627A2270
UBN No. - DLB2627WSOB05785, Pub.Date - 26.05.2026
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/26/3796 नगरपालिका सीकरी (डीग)

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :-न.प.सु/स्टोर शाखा/2026/1601 दिनांक :- 26.05.2026
**:-ई-निविदा सूचना-2025-26:-**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 11.06.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक DLB2627SLOB05773 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/3814 नगर परिषद, सुजानगढ

**कार्यालय नगर परिषद्, ब्यावर**
Tel No. 01462-258665, 257509 Email Add: npbeawar@gmail.com
क्रमांक/रोषनी/2026-27/2138 दिनांकः- 25.05.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**
नगर परिषद, ब्यावर द्वारा परिषद क्षैत्र में 15th FFC Untied एवं परिषद कोष के अन्तर्गत निम्नांकित रोशनी सम्बन्धी कार्य करवाया जाने हेतु परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रकिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 10.06.2026 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई-निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के IDFC First Bank के खाता संख्या 10123576694 आई.एफ.सी. कोड IDFB0042185 में जमा कराकर रसीद की हार्डकॉपी तथा बोली धरोहर का डी.डी./बैंकर चैक एवं सक्षम पंजीकरण की कॉपी नगर परिषद, ब्यावर के रोशनी शाखा में दिनांक 11.06.2026 को प्रातः 11 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 04 रोशनी सम्बन्धी कार्य करवाये जाने है। ई-निविदा सूचना की समस्त शर्ते SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।
जिसका NIB Code DLB2627A2231 है एवं UBN नम्बर निम्नानुसार हैः-
(i) DLB2627GLOB05722,
(ii) DLB2627GLOB05724,
(iii) DLB2627GLOB05726,
(iv) DLB2627GLOB05728
आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/3807 नगर परिषद, ब्यावर


### राजस्थान सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

## जयपुर की कचनार, रितिशा, निकिता और रिंकू ने भी जीते स्वर्ण पदक

### आदेश गरसा और डोना धाकड़ बने सबसे तेज धावक



जयपुर, 1 जून। बीकानेर के सादुल स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित राजस्थान सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झुंझुनूं के आदेश गरसा और जयपुर की डोना धाकड़ ने क्रमशः पुरुष एवं महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ का खिताब जीतकर प्रदेश के सबसे तेज धावक-धाविका बनने का गौरव हासिल किया। आदेश गरसा ने 10.81 सेकंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। अजमेर के अभिजीत लांघे दूसरे और भरतपुर के शैलेन्द्र चौधरी तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में डोना धाकड़ ने 12.12 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया। बीकानेर की टीना पारीक दूसरे तथा जयपुर की कशिश चोमाल तीसरे स्थान पर रहीं। समापन समारोह में राजस्थान ओलंपिक संघ के महासचिव सुरेन्द्र सिंह तथा राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव देवनारायण ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में श्रीगंगानगर के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला, जबकि महिला वर्ग में जोधपुर की एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। जयपुर के मानव शर्मा ने 10 हजार मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में अंतरराष्ट्रीय एथलीट कचनार चौधरी ने शॉटपुट, निकिता कुमारी ने डिस्कस थ्रो, रिंकू चौधरी ने ट्रिपल जंप और रितिशा कौर ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किए।।

### 75वीं सीनियर स्टेट एक्वेटिक चैम्पियनशिप 2026

## योग्या व दक्षिणा ने बनाए नए रिकॉर्ड




जयपुर, 1 जून। योग्या सिंह (भीलवाड़ा) और दक्षिणा जोशी (टोंक) ने 75वीं सीनियर स्टेट एक्वेटिक चैंपियनशिप 2026 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए नए रिकॉर्ड कायम किए। प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर जिला तैराकी संघ द्वारा स्टेडियम स्विमिंग पूल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन दस से अधिक प्रतियोगिताओं का फैसला हुआ। योग्या सिंह ने महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 1:08.46 मिनट का समय निकालकर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि दक्षिणा जोशी ने महिला 200 मीटर बटरफ्लाई में 2:22.03 मिनट का समय दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

**महिला वर्ग** - रतिका खता (धौलपुर) ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता 2:17.32 मिनट में जीत ली। अवविका चौधरी (जयपुर) ने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में 24:06.06 मिनट के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।

आध्या बृजेश ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब 39.41 सेकंड में अपने नाम किया। 4 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में हरिका, आध्या, अश्विका और वान्या की जयपुर टीम ने 5:03.90 मिनट के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं सर्वी, आध्या, सिद्धिक्षा और वानिया की टीम ने अपनी रिले प्रतियोगिता में 5:43.84 मिनट के समय के साथ जीत दर्ज की।

**पुरुष वर्ग** - मोहम्मद अनस (भीलवाड़ा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक दोनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीता। हिमांशु सियाग ने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल का खिताब 18:17.22 मिनट में जीता। साहिल गुप्ता (जयपुर) ने 200 मीटर बटरफ्लाई प्रतियोगिता में 2:29.72 मिनट के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। यश तिवारी, गौरण, कृष्णादित्य और पृथ्वीराज की टीम ने 4 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले का खिताब आठ दिन पहले का सफल समापन किया। शाम का मुख्य आकर्षण एमजीडी स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सिंक्रोनाइज्ड स्विमिंग का मनोमोहक प्रदर्शन रहा। जयपुर के दर्शकों ने पहली बार इस खेल का प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखा। समारोह के मुख्य अतिथि वैभव गालरिया, वित्त विभाग के मुख्य शासन सचिव, राजस्थान सरकार थे। विजेताओं को पुरस्कार अनिल व्यास, अध्यक्ष, राजस्थान तैराकी संघ ने प्रदान किए।


Visit us : www.mpuat.ac.in; Mail ID : zdr_arsb@yahoo.com; Mo. No.: 8112207969 @ 9414389929
**कृषि अनुसंधान केन्द्र, दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327 001**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
क्रमांक: एफ( )/कृअके/2026-27/66-71 दिनांक: 30/05/2026
**निविदा सूचना (2026-27)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य/कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 08.06.2026 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्याहन 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, पर मक्का परियोजना एवं फल अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा पर कृषि कार्य (5.12 हेक्टर) | 5,13,075/- | 10,500/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान